भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3803
दिनांक 11 अगस्त, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

संदूषित कफ सिरप के संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट

3803. श्री बी.मणिक्कम टैगोर :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय कंपनी द्वारा बनाया गया संदूषित कफ सिरप मार्शल द्वीप समूह और क्यूएमसी माइक्रोनेशिया में पाया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं; और

(ग) क्या यह सच है कि संयुक्त राज्य अमरीका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केन्द्र ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि भारत से ऑई ड्रॉप से कथित रूप से जुड़ा एक ड्रग-रेजिस्टेंट बैक्टीरिया स्ट्रेन अमरीकी स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्रों में प्रसारित हो सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) और (ख): विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मार्शल आइलैंड ऐंड फेडरेटिड स्टे्टस ऑफ माइक्रोनेशिया में भारतीय कंपनी द्वारा विनिर्मित गुआइफेनेसिन सिरप के बैच के लिए चिकित्सा उत्पाद चेतावनी जारी की है।

रिपोर्टों के बाद, राज्य औषधि प्राधिकरण, पंजाब के समन्वय में केन्द्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने मैसर्स क्यूपी फार्माकैम लिमिटेड, पंजाब में संयुक्त जांच संचालित की है। औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के प्रावधानों के तहत विनिर्माण परिसर से जांच के लिए औषधि के नमूने लिए गए थे और विश्लेषण में नमूने 'मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं' घोषित किए गए थे। इसके अतिरिक्त, राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने फर्म को तत्काल प्रभाव से सभी विनिर्माण कार्यकलापों को बंद करने के निर्देश दिए हैं।

(ग) ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

*****